Regarding Railway fare difference in Murshidabad

श्री अधीर रंजन चौधरी **(**बहरामपुर**):** माननीय सभापति जी, मैं आपकी इज़ाज़त से माननीय रेल मंत्री अश्विनी जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं माननीय मंत्री जी को इसके बारे में जानकारी भी दे चुका हूं। मेरे लोकसभा क्षेत्र के मुर्शिदाबाद में रेलवे की तरफ से एक अजीबोगरीब नियम अभी भी चालू है। नदी के पूर्व और पश्चिम दोनों तरफ रेलगाड़ियां चलती हैं, एक सियालदाह डिवीजन है और एक हावड़ा डिवीजन है। कोविड के समय से एक अद्भुत नियम के कारण वहां की सवारियों को आज तक रिजल्ट भुगतना पड़ रहा है। नदी के पश्चिम पर कटवा से लेकर अमगंज तक स्पेशल ट्रेन चलाई और बहाना बनाकर किराया 30 रुपये और सेम डिस्टेंस में पूर्व की तरफ दस रुपये लिए जाते थे। अभी भी यही नियम चालू है। इसका क्या मतलब है? कोविड तो गायब हो गया लेकिन आपने जो नियम चालू किया था, वह नियम गायब नहीं हुआ और इस कारण आम लोगों को इस सुविधा से वंचित होना पड़ता है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि एक ही दूरी यानी पूर्व के लिए 10 रुपये और पश्चिम के लिए 30 रुपये कैसे हो सकते हैं? अब तो कोविड का कोई नामोनिशान ही नहीं है। मुझे कई सालों से वहां के आम लोग बार-बार शिकायत कर रह हैं। कृपया आप इस विषय पर ध्यान दें और इसमें सुधार करें।